हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 11 मार्च 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 18.2 डिग्री

4
महिलाओं की भागीदारी से ही समाज का समग्र विकास संभव



**खबर संक्षेप**

## बाल विवाह के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च




**जशपुरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले में महिलाओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करने तथा बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से समर्पित एक्सेस टू जस्टिस (न्याय तक पहुंच) संस्था द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न समितियों, समुदायों और गांवों में पहुंचकर महिलाओं और नागरिकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें इसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने कैंडल मार्च निकालकर बाल विवाह के खिलाफ अपना संकल्प व्यक्त किया। इस मार्च के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के अधिकारों का हनन है, बल्कि यह उनके भविष्य, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे अपने गांव लूईकोना और समाज में बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों का भी महत्वपूर्ण सहयोग मिला। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला समन्वयक अंजलि ताम्रकार, बबीता ताम्रकार, शिल्पा नायक और अन्य साथियों का योगदान रहा।

## लावा नदी से रेत का अवैध परिवहन करते वाहन जब्त

**जशपुरनगर।** जशपुर के कुजरी नदी से रेत का अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग ने कार्रवाई की है। तहसील जशपुर क्षेत्र में कुजरी नदी लावा नदी से खनिज रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन की जांच 25 फरवरी को की गई। ग्राम कुजरी में रेत परिवहन होना नहीं पाया गया अपितु कुजरी के निकटवर्ती क्षेत्र में लावा नदी से अवैध रेत परिवहन में संलग्न ट्रैक्टर जप्त कर वाहन मालिक महेश्वर सिंह निवासी कोमड़ो तहसील जशपुर पर खान और खनिज विकास एवं विनियमन, अधिनियम 1957, की धारा 21 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। लावा नदी में ग्राम रातामाटी में रेत खदान 02 फरवरी 2024 से 01 फरवरी 2026 तक स्वीकृत रही है, जिसमें आगामी 03 वर्ष की कालावधि के लिये उत्खनिपट्टा स्वीकृति हेतु अनुबंध निष्पादन व पंजीयन कराये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## शासकीय महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन पर दी गई जानकारी

**बलरामपुर।** शासकीय महाविद्यालय में नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) द्वारा आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा विषय पर एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. नंद किशोर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आपदा के समय सतर्कता, बचाव और प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट शिवकुमार कठौतिया, डिप्टी कमांडेंट पवन जोशी, निरीक्षक संतोष कुमार साहू एवं उप निरीक्षक भारत सिंह उपस्थित रहे। इसके साथ ही नगर सेना बलरामपुर के प्रभारी अखिलेश कुमार गुप्ता भी विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए।

### आईजी झा ने ली परेड की सलामी, पुलिस दरबार में सुनी समस्याएं

# अनुशासन, ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का करें निर्वहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) दीपक झा ने मंगलवार को जिले का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रक्षित केंद्र जशपुर पहुंचकर भव्य परेड की सलामी ली और पुलिस बल के अनुशासन, वेश-भूषा तथा कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया।

उत्कृष्ट वेश-भूषा और अनुशासन प्रदर्शित करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आईजी ने पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। निरीक्षण के दौरान आईजी ने रक्षित केंद्र में उपलब्ध शासकीय वाहनों का भी जायजा लिया और उनके नियमित रख-रखाव व देखरेख के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन शाखा, कैश शाखा, स्टोर शाखा और पुलिस कैंटीन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

### अनुशासन, तकनीकी दक्षता और ईमानदारी पर दिया जोर





### इन अधिकारियों की रही उपस्थिति

इस दौरान डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पटनवार, एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, एसडीओपी कुनकुरी विनोद मण्डावी, एसडीओपी पत्थलगांव डॉ. ध्रुवेश जायसवाल, डीएसपी कुंजराम चौहान, डीएसपी भावेश समरथ, डीएसपी आशा तिर्की, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, कोतवाली थाना प्रभारी मोरध्वज देशमुख सहित जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### दिए समस्याओं के निराकरण के निर्देश

इसके बाद आयोजित पुलिस दरबार में आईजी दीपक झा ने जिले के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को अनुशासन, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

### तकनीकी दक्षता की आवश्यकता पर जोर

आईजी ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी उत्तम गणवेश में रहें और सख्त अनुशासन का पालन करें। बदलते दौर में तकनीकी दक्षता की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को कंप्यूटर की अनिवार्य जानकारी रखने की सलाह दी, ताकि आधुनिक पुलिसिंग और कार्यालयीन कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सके।

### नशे और भ्रष्टाचार से दूर रहने के निर्देश

उन्होंने पुलिस बल को नशे से दूर रहने और भ्रष्टाचार से बचने की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि पुलिस की छवि जनता के बीच ईमानदार और जिम्मेदार संस्था के रूप में बनी रहनी चाहिए। यदि किसी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी की आपराधिक गतिविधि में संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यालयीन कार्यों में रखें पारदर्शिता

निरीक्षण के दौरान आईजी ने सिटी कोतवाली जशपुर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भी जायजा लिया। उन्होंने लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए और कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता व समयबद्धता बनाए रखने पर जोर दिया।




# आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने किया शक्कर कारखाने का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय के विद्यार्थियों ने पीएमश्री योजना अंतर्गत मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना केरता,अंबिकापुर का भ्रमण किया।

इस दौरान विद्यार्थीयों गन्ने से चीनी बनने की व्यावहारिक प्रक्रिया से अवगत कराया, औद्योगिक मशीनरी का प्रत्यक्ष अनुभव दिया गया तथा.सहकारिता के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति व मिल प्रबंधन को समझाया गया। इस दौरान विद्यार्थीयों ने संजय वन वाटिका अंबिकापुर का भी भ्रमण कराया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को वन्य प्रकृति बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान विभिन्न वन्यजीवों को उनके आवास में देखा और वन्यजीव संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की।

शिक्षात्मक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक जीवन के अनुभव प्रदान करना और उन्हें अपने आसपास के पर्यावरण के बारे में अधिक जानने के लिए प्रेरित करना है। यह भ्रमण शैक्षिक ज्ञान को वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों से जोड़ना है।

## नीरज फाउंडेशन स्कूल बच्चों ने एबेकस स्पर्धा में लहराया परचम

**पत्थलगांव।** नीरज फाउंडेशन स्कूल के नन्हे गणित जांबाजों ने नेशनल एबेकस प्रतियोगिता में परचम लहराया है।

विदित हो कि जनवरी माह को पूरे देश में नेशनल एबेकस कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया था। जिसमें पांच हज़ार से भी अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। नीरज फाउंडेशन स्कूल की विभिन्न कक्षाओं के पांच बच्चे जिनमें कंक्षा दूसरी से मायरा मित्तल श्रीजा अग्रवाल, कक्षा तीसरी से अक्षत अग्रवाल तथा रुद्र अग्रवाल तथा पांचवीं से अदित्य अग्रवाल ने भाग लिया। यह नीरज फाण्डेशन स्कूल और बच्चों दोनों के लिए ही कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का प्रथम अवसर था। राष्ट्रव्यापी इस प्रतियोगिता में नीरज फाउंडेशन संस्था के अक्षत अग्रवाल ने तृतीय और रुद्र अग्रवाल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ पूर नगर को भी गौरवान्वित किया है।



# भाजपा अजा मोर्चा ने फूंका ममता का पुतला





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा मंगलवार को जशपुर बस स्टैंड में भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के कथित अपमान के विरोध में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर आदिवासी समाज के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद की। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष श्यामलाल भगत ने कहा कि देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पूरे आदिवासी समाज के गौरव और सम्मान की प्रतीक हैं। उनके प्रति किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी पूरे समाज का अपमान है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। अजजा प्रदेश मंत्री ललित नागेश ने कहा कि आदिवासी समाज ने सदैव देश की एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज जब आदिवासी समाज की बेटी देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन है, तब उनके प्रति किया गया अपमान पूरे देश और आदिवासी समाज की भावना को आहत करता है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश के करोड़ों आदिवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

### ये रहे मौजूद

पुतला दहन कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, राजकपूर भगत, मुकेश सोनी, नेहरू सिंह, विकास कुमार प्रधान, विनोद निकुंज, श्रीमती शारदा प्रधान, श्रीमती प्रतिमा भगत, रागिनी भगत, श्रीमती अनिता पैकरा, रामचंद्र राम, उमेश प्रधान, रंजीत भगत, सुरेश राम भगत, वासुदेव राम, त्रिजटा साय, प्रमोद भगत, संदीप भगत, दीपक गुप्ता, सज्जू खान, राहुल गुप्ता, दीपू मिश्रा, दीपक सिंह, प्रकाश रवानी, बेंजामिन कुजूर सहित मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष के प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

# सेवा का एक माध्यम है जिलाध्यक्ष का पद: जूदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव के पदभार ग्रहण करने के बाद प्रथम बार नारायणपुर, मयाली, जोकारी, केराडीह, बिलासपुर और बनकोम्बो क्षेत्र में आगमन पर भाजपा और भा ज यु मो कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक और अभूतपूर्व स्वागत किया। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने पलक बिछाकर अपने युवा नेता का अभिनंदन किया।

- **मयाली से नारायणपुर तक कार्यकर्ताओं में दिखा जोश**

पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजे और आतिशबाजी के बीच युवाओं का ऐसा जोश और उत्साह देखने लायक था। स्वागत रैली की शुरुआत सबसे ⏭ शेष पेज 4 पर



### युवाओं के लिए गर्व एवं प्रेरणा का क्षण

मयाली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीडीसी अनीता सिंह ने कहा कि जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव का मयाली की पावन धरती पर आगमन हम सभी युवाओं के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। वरिष्ठ नेता अनूप नारायण बड़ा ने कहा कि युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को जिले में नई ऊर्जा और नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा शक्ति के साथ संगठन और अधिक मजबूत होकर समाज और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि विजय आदित्य सिंह जूदेव के नेतृत्व में युवा मोर्चा को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलेगी।

### नारायणपुर से जूदेव परिवार का आत्मीय रिश्ता

नारायणपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव ने ग्रामवासियों के भव्य स्वागत और अभिनंदन के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि नारायणपुर और जूदेव परिवार का रिश्ता बहुत पुराना और आत्मीय रहा है। स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव जब भी इस क्षेत्र से गुजरते थे, तो नारायणपुर के लोगों से अवश्य मिलते थे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होंने कहा कि जब भी मैं नारायणपुर आता हूं तो यहां के लोगों से मिले बिना वापस नहीं जा पाता, क्योंकि यहां मुझे घर जैसा अपनापन और स्नेह मिलता है। उन्होंने कहा कि संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, वह मेरे लिए पद नहीं बल्कि सेवा का एक माध्यम है। कार्यक्रम सम्पन्न होने ⏭ शेष पेज 4 पर

8 March Happy Woman's Day
हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर
सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES
BILASPUR (C.G.)
B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES
प्रथम पुरस्कार वाशिंग मशीन
द्वितीय पुरस्कार इंडक्शन
तृतीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर
चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रीक आयरन
विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ........................
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ........................
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ........................
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ........................
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ........................
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ........................
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ........................
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ........................
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ........................
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ........................

छुपा है हर घर में हुनर
एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Join a Graduation Degree Program : B Voc in Animation (Hottest Career Option today)
Admissions Open For New Session
Call : 88188 00 890 / 88190 00 890
ARENA ANIMATION
AI SUMMER CAMP FOR KIDS Exclusively for Class 5th - 11th
Link Road, Bilaspur
3D - 2D Animation - Visual Fx - Gaming - Graphics
Audio - Video Editing - Fashion - Interior Designing

New Town
Own it!
Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound, Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है । 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्टि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा । 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा । 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा । 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी । 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है ।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ........................
पिता/पति का नाम :- ........................
स्थाई पता :- ........................
फोन/मो. नं. :- ........................
शैक्षणिक योग्यता :- ........................
फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank
...the name you can BANK upon !
pnb
call 1-800-2222 or 1-800-103-2222 Toll Free
www.pnbindia.in

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW
COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur
Mob. : 9522220113, 9516606123

## खबर संक्षेप



### शिक्षा विभाग की हुई विभागीय समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड श्रोत समन्वयकों का बैठक आयोजित कर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा किया। बैठक में 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के संबंध में चर्चा एवं आगामी परीक्षा का गहन निरीक्षण, 16 अप्रैल से होने वाले ओपन स्कूल परीक्षा का संचालन, केंद्रीयकृत पांचवी आठवीं एवं स्थानीय परीक्षा एवं प्रश्न पत्र वितरण, केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति, टी एल प्रकरण के जांच में शीघ्रता, प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों का सीएसी के माध्यम से सतत निरीक्षण किया गया। डीएमएफ में 5 वर्षीय कार्य योजना, शत प्रतिशत छात्रवृत्ति, ई ऑफिस का क्रियान्वयन, यू डाइस का अपडेशन तथा शुद्धता पूर्ण प्रविष्टि, अपार आईडी निर्माण के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वर्तमान में संचालित बोर्ड परीक्षा का गहन निरीक्षण करें एवं शांतिपूर्ण व्यवस्थित परीक्षा का संचालित सुनिश्चित करें। अपार आई डी के संबंध में भी कार्य योजना बनाकर सचिव से जन्म प्रमाण पत्र जारी करा, आधार सेंटर में आधार सुधार एवं अपार रिक्वेस्ट के संबंध में निर्देश दिया गया। बैठक में समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक संचालक शिक्षा, डीएमसी समग्र एवं डीपीओ डीएलएमए उल्लास उपस्थित थे।

### जिले के 75 परीक्षा केन्द्रों में हुई संस्कृत एवं उर्दू विषय की परीक्षा

**अम्बिकापुर।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हाई स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा अंतर्गत 9 मार्च को जिले के 75 परीक्षा केन्द्रों में संस्कृत एवं उर्दू विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहपटरा, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतापुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंदी आरा सहित अन्य केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खलिबा एवं केदारपुर, सेजेस गांधीनगर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मणिपुर वार्ड अम्बिकापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होना पाया गया। संस्कृत विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 8210 विद्यार्थियों में से 7958 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 252 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं उर्दू विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 80 विद्यार्थियों में से 80 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मवेशी के हमले से गंभीर वृद्धा की गई जान

**अम्बिकापुर।** मवेशी के हमले से गंभीर हुई वृद्धा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरौल निवासी फूल कुवंर पति स्व. दयाराम (80 वर्ष) शनिवार को घर के सामने मवेशी को चारा खिला रही थी । इसी दौरान मवेशी ने वृद्धा पर हमला कर दिया। बैल के हमला करने से वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन वृद्धा को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पत्नी की हत्या कर पति हुआ फरार, तलाश में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** घरेलू बात को लेकर पति ने न सिर्फ पत्नी के साथ विवाद किया बल्कि जानलेवा हमला करने तथा पत्नी की मौत हो जाने पर लाश को ढक कर फरार हो गया। घटना की जानकारी सुबह लगी जब पास ही रह रहे पिता ने बेटा व बहू को न देख पत्नी को भेजा तो पता चला कि उसकी बहू का हत्या कर बेटा फरार है। घटना की रिपोर्ट आरोपी के पिता ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम कुदर झेरी लोंगरी निवासी बोदो राम आ. स्व. केन्दा राम (53 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके तीन पुत्र है और बड़ा पुत्र दशमन कोरवा (30 वर्ष) शादी के बाद पास ही रहता है। पहली पत्नी के मौत हो जाने पर वह सखौली नवापारा निवासी प्रियंका को पत्नी बनाकर एक साल से रखा था। शनिवार की रात दशमन किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद कर रहा था। दूसरे दिन सुबह उसके घर में किसी प्रकार के चहल पहल नहीं होने तथा बहू व बेटा के घर के बाहर नहीं निकले पर जब पत्नी को फुलेश्वरी को देखने भेजा तो वह बताई बहू सोई है और नहीं उठ रही है। जब मौके पर जाकर उठाने का प्रयास किया तो उसके सिर में गंभीर चोट और वह मृत हालत मे पड़ी हुई थी। पिता ने बेटा द्वारा पत्नी की हत्या कर फरार होने जाने की बात पुलिस को बताई। पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी दशमन के विरूद्ध धारा 103 (1) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है।

# वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में एसईसीएल के कोल उत्पादन में बढ़ोत्तरी, डिस्पैच पर भी जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है,अमेरा और

- 8 मार्च को 16 हजार टन कोल उत्पादन होने पर सीआईसी फील्ड में बिश्रामपुर क्षेत्र रहा दूसरे नम्बर पर
- सोहागपुर क्षेत्र 17 हजार 5 सौ टन का उत्पादन करने पर रहा प्रथम स्थान पर

आमगांव खुली खदान परियोजनाओं के लाइनअप होने के बाद उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई है,कम्पनी प्रबंधन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार रविवार 8 मार्च को क्षेत्र ने एक दिन में अब तक का सर्वाधिक 16 हजार टन कोयला उत्पादन किया, जिससे बिश्रामपुर क्षेत्र एसईसीएल के सीआईसी फील्ड में दूसरे स्थान पर रहा।

जानकारी के अनुसार पिछले सात– आठ वर्षों से भूमि की समस्या के कारण क्षेत्र की प्रमुख अमेरा खदान बंद पड़ी थी। कुछ समय पहले प्रबंधन ने जिला प्रशासन के सहयोग से खदान को पुनः शुरू कराया, जिसके बाद अब यहां से तेज गति से कोयला उत्पादन हो रहा है। वहीं आमगांव खदान में सालही गांव से उत्पादन पूरा होने के बाद पटना गांव में विस्तार होना था, लेकिन भूमि विवाद के कारण खदान लंबे समय तक बंद रही। बाद में फॉरेस्ट पैच की स्वीकृति मिलने के बाद खदान पुनः शुरू हुई और अब पटना गांव में विस्तार का कार्य चल रहा है। पटना गांव में 464 ग्रामीणों को रोजगार देने की प्रक्रिया के तहत अब तक 150 से अधिक भू-स्वामियों को नौकरी दी जा चुकी है तथा मुआवजा भी वितरित किया जा चुका है। ग्रामीणों के सहयोग और प्रशासन-प्रबंधन के समन्वय से अब दोनों खदानों से उत्पादन तेज हो गया है। एसईसीएल के सीआईसी फील्ड के 8 क्षेत्रों में रविवार को सोहागपुर क्षेत्र 17 हजार 5 सौ टन उत्पादन के साथ पहले स्थान पर रहा, जबकि बिश्रामपुर क्षेत्र 16 हजार टन उत्पादन के साथ दूसरे स्थान पर रहा। पहले जहां क्षेत्र में प्रतिदिन केवल 3 से 4 हजार टन कोयला उत्पादन होता था, वहीं अब उत्पादन में गुणात्मक सुधार हुआ है।

### कोल डिस्पैच बढ़ाने की दिशा में प्रबंधन प्रयासरत

कोयला उत्पादन में वृद्धि के बाद डिस्पैच बढ़ाने की दिशा में भी प्रबंधन प्रयास कर रहा है। अमेरा और आमगांव खुली खदानों के साथ ही गायत्री और केतकी भूमिगत खदानों से भी आगामी वित्तीय वर्ष में उत्पादन बढ़ने की संभावना है, जिससे क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 20 हजार टन या उससे अधिक कोयला उत्पादन होने का अनुमान है।उत्पादन बढ़ने के साथ भंडारण और परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुराने जयनगर साइडिंग को लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत से अपग्रेड किया जा रहा है,राइट्स द्वारा यह कार्य तेज गति से कराया जा रहा है और अप्रैल तक इसे प्रबंधन को सौंपे जाने की संभावना है। साइडिंग के शुरू होने के बाद क्षेत्र से कोयले का डिस्पैच भी तेज होगा।

### जॉइंट टीम वर्क से मिल रही सफलता



इस संबंध में क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कहा कि कोयला उत्पादन में वृद्धि एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन से मिले दिशा-निर्देश और सहयोग के साथ-साथ स्थानीय अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम भावना से संभव हो पाई है,उन्होंने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन होने की उम्मीद है।

## पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो समाज के 2406 घर होंगे रोशन

# सरगुजा जिले की 526 दुर्गम जनजातीय बसाहटों तक होगा विद्युत विस्तार का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



प्रारंभ से ही पहाड़ एवं जंगल के बीच छोटी-छोटी दुर्गम बसाहटों में संघर्षपूर्ण जीवन जी रहे संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो जनजाति के लोगों को अभियान चलाकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की जा रही है। शासन द्वारा ऐसी दुर्गम बसाहटों में मूलभूत सुविधाएं विकसित की जा रही है।

**खास बात**
- विभाग ने शासन को भेजा 15 .22 करोड़ का प्रस्ताव

शासन द्वारा दुर्गम क्षेत्रों में निवासरत संरक्षित पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो जनजाति की बस्तियों को संवारने का काम किया जा रहा है। इन बस्तियों तक पीएम जनमन योजना के तहत सड़क का निर्माण किया जा रहा है वहीं बस्ती तक विद्युत विस्तार कर घरों को रोशन करने की पहल की जा रही है। दूरस्थ बसाहटों तक सड़क बनने से पैदल लम्बी दूरी करने से राहत मिली है तथा इन बसाहटों तक अब आसानी से वाहन पहुंच रहे हैं जिससे ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है साथ ही रोजगार के भी अवसर सृजित हुए हैं। विद्युत विभाग कड़ी मशक्कत कर ऐसी बसाहटों तक विद्युत विस्तार कर घर-घर को रोशन कर रहा है। धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष योजना के तहत शासन ने ऐसी सभी बसाहटों को रोशन करने का निर्णय लिया है। योजना के तहत ग्रामीण विद्युत संभाग अंतर्गत सभी पांच उपसंभागों एवं 16 विद्युत वितरण केन्द्रों अंतर्गत अविद्युतीकृत 217 ग्राम पंचायतों के 526 दुर्गम बसाहटों का चिन्हांकन किया गया है इन बसाहटों में निवासरत 2406 घरों को विद्युत से रोशन करने का निर्णय लिया गया है। विभाग ने इन गांवों तक विद्युत विस्तार करने के लिए व्यापक सर्वे कराया है। सर्वे के अनुसार इन बसाहटों को रोशन करने के लिए 80.62 किमी लम्बी 11 केवी विद्युत लाइन एवं 312.18 किमी लम्बी एलटी लाइन का विस्तार किया जाएगा साथ ही गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति के लिए 60 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। विभाग ने इन बसाहटों तक विद्युत विस्तार के लिए 15.22 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

### 155 बसाहटें हुई रोशन

योजना के प्रथम चरण में विभाग ने 103 ग्राम पंचायतों की 155 बसाहटों में विद्युत विस्तार का कार्य पूरा करने के साथ ही समुदाय के 1427 घरों में से 844 घरों तक बिजली पहुंचा चुका है जबकि शेष बचे 583 घरों को रोशन करने का कार्य चल रहा है। इस वित्त वर्ष के अंत तक सभी घरों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### दो दर्जन से अधिक बसाहटें दुर्गम

अभी भी पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो जनजाति की दर्जन से अधिक बसाहटें ऐसी हैं जहां पहुंचना आसान नहीं है। पहाड़ी इलाका होने के कारण न तो इन बसाहटों तक पोल एवं तार का परिवहन करना संभव है न ही विद्युत विस्तार करना। इन बसाहटों की आबादी भी 6-7 घरों की ही है। विपरीत भौगोलिक स्थिति के बावजूद घरों की आपसी दूरी भी अधिक है। जिन बसाहटों तक आवागमन संभव है वहां विद्युत विस्तार का कार्य भी आसानी से हो जा रहा है। लेकिन दुर्गम बसाहटों में आवागमन की सुविधा नहीं होने के कारण विभाग ने इन बसाहटों को रोशन करने के लिए क्रेडा की मदद लेने का निर्णय लिया है।

### पहाड़ो पर मिलेगी होम लाइट की सुविधा

विभाग ने दुर्गम स्थलों की बसाहटों के 529 घरों को रोशन करने की जिम्मेदारी क्रेडा को सौंपा है। क्रेडा इन बसाहटों के हर परिवार को सौर ऊर्जा आधारित होम लाइट की सुविधा प्रदान करेगा। भौगोलिक दृष्टि से आवागमन कठिन होने के कारण इन बसाहटों को रोशन होने में अपेक्षाकृत अधिक समय लगने की संभावना जताई जा रही है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

जनजाति समाज की अविद्युतीकृत बसाहटों को विद्युतीकृत करने के लिए शासन को 15.22 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही विद्युत विस्तार का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

-रोशन नागवंशी
ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग



# अमेरा खदान से कोयला चोरी करते तीन पकड़े गए 8 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल क्षेत्र की खदानों से लगातार हो रही कोयला चोरी पर रोक लगाने के लिए कम्पनी प्रबंधन द्वारा सख्ती बरती जा रही है,इसी कड़ी में महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह के निर्देश पर त्रिपुरा बटालियन और कंपनी के सुरक्षा अमले ने अमेरा खदान क्षेत्र में अभियान चलाया।

- एसईसीएल प्रबंधन के निर्देश पर सुरक्षा दल निरंतर कर रहा गश्ती व धरपकड़ कार्रवाई

7 मार्च की रात प्रतिबंधित क्षेत्र में कोयला चोरी का प्रयास कर रहे लोगों की घेराबंदी की गई। कार्रवाई के दौरान तीन कोयला चोरों को पकड़ लिया गया, जबकि अन्य लोग मौके से फरार हो गए,टीम ने मौके से 8 मोटरसाइकिल भी जब्त की हैं।पकड़े गए आरोपियों में एक अपचारी बालक भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सत्यम रजवार आ. अमरसाय रजवार और रवि दास पिता उलग दास, दोनों निवासी पुहपुटरा थाना लखनपुर, जिला सरगुजा के रूप में हुई है,पकड़े गए आरोपियों समेत 8 बाइक और बोरों में भरे कोयले को लखनपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है,पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

बताया गया कि लखनपुर क्षेत्र के कुछ प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में ग्रामीणों को आगे कर एसईसीएल बिश्रामपुर के अमेरा खदान और गायत्री खदान से रोजाना बड़ी मात्रा में कोयला चोरी कराई जा रही है, जिससे कंपनी और शासन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## केराजोबला बस्ती में हाथियों ने मचाया उत्पात, दो घरों को बनाया खण्डहर



**अम्बिकापुर/मैनपाट।** बीती रात हाथियों ने वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत ग्राम सपनादर में जमकर उत्पात मचाया।

- चट कर गए घर में रखा अनाज

हाथियों ने बस्ती में घुसकर दो ग्रामीणों के घरों को ढहा दिया तथा घर में रखा अनाज चट कर गए। कड़ी मशक्कत के बाद हाथी भोर में बस्ती से बाहर निकले तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

वर्तमान में मैनपाट में 3 नर हाथी एक साथ अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं। हाथियों ने आबादी क्षेत्र में घुसकर तोड़फोड़ मचाना शुरू किया। हाथियों की सक्रियता को देखते हुए वन अमला नियमित हाथियों की निगरानी करता था। हाथियों के सीमावर्ती कापू जंगल में जाने के बाद वन अमले ने भी हाथियों से दूरी बना ली। रविवार की मध्य रात्रि दो दंतैलों ने ग्राम पंचायत सपनादर अंतर्गत केराजोबला बस्ती में धावा बोल दिया। मध्यरात्रि जब हाथी बस्ती में पहुंचे ग्रामीण गहरी नींद में सो रहे थे। इस दौरान हाथी बस्ती के शिवशंकर आ.धूधा माझी के घर में तोड़फोड़ करने लगे तो गहरी नींद में सो रहे परिवार के सदस्य जागे तथा किसी तरह घर से बाहर निकलकर सुरक्षित ठिकाने की ओर भागकर अपनी जान बचाई। हाथियों ने शिवशंकर का घर ढहा दिया तथा घर में रखा अनाज चट कर गए। हाथी सुबह तक बस्ती की गलियों में घूमते रहे। इधर हाथियों से अपनी जान बचाने पूरी रात ग्रामीण परिवार सहित इधर-उधर भागदौड़ करते रहे। शिवशंकर का घर ढहाने के बाद हाथियों ने टिकरिया के घर को तोड़कर खण्डहर बना दिया तथा घर में रखा अनाज खा गए। भोर होने पर हाथी बस्ती से बाहर निकले तथा केराजोबला, मालतीपुर के रास्ते जंगल की ओर चले गए जबकि दल का एक दंतैल अभी भी पर्यटन स्थल टाइगर पाइंट जंगल में भ्रमण कर रहा है।

### सुबह पहुंचे वनकर्मी

हाथियों से सुरक्षा के लिए विभाग द्वारा वन परिक्षेत्र कार्यालय को गजराज वाहन के साथ ही अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। वन अमला समय- समय पर प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी एवं संभावित खतरे की भी जानकारी देता रहा है। रविवार को वन अमले को बस्ती में नर हाथियों के धावा बोलने की हवा तक नहीं लग सकी। गनीमत रही खतरे को देखते हुए बस्ती के सभी लोग अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए थे हाथियों द्वारा उत्पात मचाने की जानकारी मिली तो सुबह वनकर्मी बस्ती में पहुंचकर क्षति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने विभाग पर हाथियों की गतिविधि पर ध्यान नहीं रखने एवं समय पूर्व हाथियों की सूचना नहीं देने का आरोप लगाया है।

### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** गांव में घूमने निकले स्कूटी सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम मलसेमा निवासी दिलीप कुमार नागेश आ. बलराम नागेश (22 वर्ष) रविवार को स्कूटी से घूमने निकला था। जैसे ही युवक गुमाडांड़ मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन निजी वाहन से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### नशीले इंजेक्शन के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** कुसमी पुलिस ने नशीला इजेक्शन की तस्करी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि 8 मार्च को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पल्सर बाइक से मनेश कुमार अपने दो साथियों के साथ नशीली इंजेक्शन लेकर तस्करी करने के लिए लेकर आ रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने कुसमी कोरंधा रोड पर घेराबंदी कर कुसमी निवासी मनेश कुमार प्रजापति, मोहम्मद सैफ व पंकज प्रजापति को हिरासत में लेकर उनके पास नशीला इंजेक्शन बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



### अभाविप द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ऋतुमति अभियान के अंतर्गत किया सैनिटरी नैपकिन वितरण

**रामानुजगंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऋतुमति अभियान अंतर्गत ग्राम पुरुषोत्तमपुर में जरूरतमंद छात्राओं एवं महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए। इस अवसर पर छात्र कार्यकर्ताओं ने महिलाओं और छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में बताया। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना तथा उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना रहा। नगर सह मंत्री श्रेया ठाकुर ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य समाज के स्वस्थ भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इस विषय पर जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। अभाविप के कार्यकर्ताओं ने बताया कि परिषद समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जागरूकता लाने और सेवा कार्यों के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## इस्कॉन केंद्र में हर्षोल्लास से मना गौर पूर्णिमा महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दत्ता कॉलोनी स्थित इस्कॉन प्रचार केंद्र में श्री गौर पूर्णिमा महोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। इस दौरान चैतन्य महाप्रभु के प्राकट्य उत्सव पर विविध धार्मिक अनुष्ठान किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री गौर-निताई के महाअभिषेक से हुई। ब्रम्हा संहिता के मंत्रों से भगवान का दूध, दही, घी, ताजे फलों के रस, औषधियों और 108 पवित्र तीर्थों के जल से अभिषेक किया गया। केंद्र प्रभारी दयानिधि प्रभु और सह-प्रभारी हिरण्यगर्भ प्रभु के सानिध्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महोत्सव में भागीदारी की। दिव्य अभिषेक उपरांत चैतन्य महाप्रभु की आरती उतारी गई साथ ही वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए विदेशों में निवासरत भक्तों की रक्षा और संपूर्ण विश्व की सुख-शांति के लिए भगवान नृसिंह देव की आरती एवं स्तुति की गई।

महोत्सव में शास्त्रीय संगीत की गायिका हिमानी त्रिपाठी ने वृंदावन और कृष्ण महिमा के भजनों की प्रस्तुति दी। वृंदावन पर केंद्रित उनके भजनों और हरिनाम संकीर्तन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते रहे। अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेली। महोत्सव में महिला दिवस पर नारी शक्ति के योगदान की सराहना की गई।



### भाजपा ने किया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान का विरोध, फूंका ममता का पुतला

**अम्बिकापुर।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं आदिवासी समाज के लोगों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करने का आरोप लगा घड़ी चौक पर ममता बनर्जी का पुतला दहन पर विरोध जताया। अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिंदेश्वरी पैकरा के नेतृत्व एवं जिला महामंत्री विनोद हर्ष की उपस्थिति में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि बंगाल की ममता सरकार ने राष्ट्रपति और आदिवासी समाज को अपमानित करने की सारी हदें पार कर दी। राष्ट्रपति का अपमान कर ममता बनर्जी ने राजनैतिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है। कार्यक्रम को मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिंदेश्वरी पैकरा एवं महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री फुलेश्वरी सिंह ने भी संबोधित किया तथा विरोध जताया। इस दौरान पूरन टेकाम, निश्चल प्रताप सिंह, रूपेश दुबे, अंकित तिर्की, बंशीधर उरांव, अनिल निराला, कमलेश, रविकांत उरांव, अनिल तिवारी आदि उपस्थित थे।

## रांची और वाराणसी तक नियमित वायुसेवा की मांग



**अंबिकापुर।** रायपुर, रांची और वाराणसी तक नियमित वायुसेवा की मांग जो लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा के निदेशक को ज्ञापन सौंपा है। करीब 1 माह पूर्व भी जिला कांग्रेस के एक दल ने एयरपोर्ट के निदेशक से मुलाकात कर ठप पड़ी विमान सेवा को प्रारंभ करने की मांग की थी।

- जिला कांग्रेस ने निदेशक को सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस महामंत्री आलोक सिंह के नेतृत्व में दरिमा गए इस दल ने रायपुर, रांची और वाराणसी के लिये नियमित विमानसेवा पर चर्चा की। दल ने यह तर्क रखा कि ये तीनो शहर प्रशासनिक कार्य, स्वास्थ्य सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों और पर्यटन की दृष्टि से महत्व रखते हैं। अम्बिकापुर से प्रतिदिन हजारों लोग इन शहरों की ओर जाते हैं। इन शहरों के लिए कोई सीधी द्रुतगति रेलसेवा भी उपलब्ध नहीं है। वाराणसी और रांची के लिए भविष्य में रेलमार्ग की भी कोई संभावना नहीं है। जबकि हवाई मार्ग के माध्यम से यात्रा के लिए आधारभूत ढांचा मौजूद है। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे आलोक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हवाई चप्पल वालों को भी हवाई सेवा का आश्वासन दिया था। सरगुजा जिले की गरीब जनता को यकीन है कि प्रधानमंत्री का यह वादा मात्र प्रलोभन नहीं रहेगा और इसे यथार्थ में उतारा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद एयरपोर्ट निदेशक ने मांगो को शीर्षस्थ अधिकारियों को प्रेषित कर इस दिशा में पहल का आश्वासन दिया है। इस दौरान रजनीश सिंह, उत्तम राजवाड़े, नीतीश चौरसिया, विकल झा, हिमांशु जायसवाल, आशीष जायसवाल, सुरेंद्र गुप्ता, अंकित जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, जयपाल, रवि, उमाशंकर, नरेंद्र गुप्ता, नीलेश कश्यप, कुशल अग्रवाल, गौतम गुप्ता, आकाश यादव, अभिषेक सोनी, अतुल यादव, अनमोल गोस्वामी, अभिनव काशी, लोलार सिंह, आयुष गुप्ता, सत्यम यादव, प्रियांशु जायसवाल, प्रिंस आदि मौजूद थे।



## दर्शील की नई फिल्म में एंट्री, साथ नजर आएंगे मोहित और प्रियामणि

**मुंबई।** आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीन पर' में एक बाल कलाकार के रूप में काम कर चुके दर्शील सफारी को नई फिल्म मिल गई है। इस फिल्म में दर्शील के साथ मोहित रैना और प्रियमणि नजर आएंगे। यह फिल्म भारत और हॉलीवुड के बीच सहयोग की एक बड़ी मिसाल है। यह फिल्म पहचान, परिवार और संस्कृति जैसे विषयों पर आधारित हो सकती है। 'तारे जमीन पर' से मशहूर हुए दर्शील सफारी अपनी नई फिल्म में एक बहुत महत्वपूर्ण और भावुक भूमिका निभाएंगे। कथित तौर पर दर्शील के लिए यह भूमिका निभाना उनके करियर के लिए बहुत खास होगी। दर्शील का किरदार फिल्म में भारत और विदेश के बीच भावनाओं का पुल बनेगा।

लाइफ Style

# एलनाज

## आजादी को हल्के में नहीं लेना चाहिए

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मस्ती 4 और जुग जुग जीयो एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी ने ईरान में महिलाओं की हालात पर बात की। उन्होंने भारत की तारीफ करते हुए कहा- भारत में आप चाहें तो बुर्का पहन सकती हैं, लेकिन आप चाहें तो सड़क पर शॉर्ट्स भी पहन सकती हैं, लेकिन ईरान में आपको सरकार के खिलाफ बोलने की अनुमति नहीं है, सरकार आपको मार डालेगी।

ईरान में महिलाओं की 95% साक्षरता के बावजूद वे कड़े इस्लामी कानूनों के कारण सामाजिक-कानूनी पाबंदियों का सामना करती हैं। एक्ट्रेस एलनाज ने कहा है कि जिन देशों में बोलने की स्वतंत्रता है, वहां रहने वाली महिलाओं को इसके साथ आने वाली ज़िम्मेदारी को पहचानना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस आजादी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। एलनाज ने कहा, 'मुझे लगता है कि आजकल एक महिला के रूप में सबसे जरूरी ये है कि हम ऐसे समय में जी रहे हैं जहां अधिकांश देशों में और विशेष रूप से जिस देश में हम अभी रह रहे हैं, वहां हमें अपनी बात कहने का अधिकार है। हम अपनी आवाज़ का इस्तेमाल कर सकते हैं, और इसे हमें हल्के में नहीं लेना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'बरसों से और आज भी कई देशों में, महिलाएं अपनी बात रखने और अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए स्ट्रगल कर रही हैं। इसलिए जब आप भारत जैसे देश में रहते हैं जहां बोलने की स्वतंत्रता है और महिलाओं को अपने विचार और इच्छाएं व्यक्त करने की अनुमति है, तो आपको निडर होकर इस अवसर का लाभ उठाकर बेहतर बदलाव लाना चाहिए।' यहां बता दें कि एलनाज लगातार अपने देश ईरान के हालात पर बोलती रही हैं जिसके कारण उन्हें अक्सर आलोचना और विरोध का सामना करना पड़ता है।



हॉलीवुड मसाला

## इंडिया दूर में जुड़ा एक और शो



**लॉस एंजिल्स।** पॉप क्वीन शकीरा ने अपने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। अगले महीने भारत टूर पर आ रही हैं। सुपरस्टार ने मुंबई में अपने दूसरे शो का ऐलान करके फैंस को तोहफा दिया है। शकीरा का मुंबई में दूसरा शो करने की बात तब सामने आई जब यूजर्स ने डिस्ट्रिक्ट ऐप पर एक और शो लिस्टेड देखा। शो के टिकटों की बिक्री अभी प्लेटफॉर्म पर शुरू नहीं हुई है। दूसरे शो के लिए टिकट बुकिंग कब शुरू होगी, इस बारे में कोई अपडेट नहीं है। यह कदम तब उठाया गया जब ऑर्गनाइजर ने टिकटों की ज्यादा डिमांड देखी।




## घोस्टबस्टर्स और अप द क्रीक में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** 'घोस्टबस्टर्स' जैसी फिल्मों और टीवी सिटकॉम 'चार्ल्स इन चार्ज' में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री जेनिफर रन्योन का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनकी करीबी दोस्त और अभिनेत्री एरिन मर्फी ने फेसबुक पर एक भावुक पोस्ट में यह खबर साझा की। एरिन ने लिखा कि जेनिफर एक बहुत खास महिला थीं और कुछ लोगों से मिलते ही दोस्ती हो जाती है। वे उन्हें बहुत याद करेंगी और उनके परिवार और बच्चों के लिए संवेदना जताई। जेनिफर का जन्म 1 अप्रैल 1960 को शिकागो में हुआ था। उन्होंने 1980 के दशक में अभिनय शुरू किया। उनकी पहली बड़ी फिल्म 'टू ऑल अ गुड नाइट' थी। 1984 में वे 'घोस्टबस्टर्स' और 'अप द क्रीक' में नजर आईं। उसी साल उन्होंने 'चार्ल्स इन चार्ज' के पहले सीजन में ग्वेंडोलिन पियर्स का रोल किया।



## आलिया-शर्वरी और बॉबी का दिखेगा एक्शन

**मुंबई।** यश राज की स्पाई यूनिवर्स की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'अल्फा' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। ये मूवी 10 जुलाई को थिएटर्स में दस्तक देगी, जिसमें आलिया भट्ट, अनिल कपूर, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल होंगे। 2024 में इस फिल्म का ऐलान किया गया था, जिससे फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए थे। साथ ही 2025 में रिलीज भी होने वाली थी। लेकिन, पोस्टपोन हो गई। मगर अब सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। 'अल्फा' को लेकर पहले ये भी चर्चा थी कि इसे सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा, लेकिन मेकर्स इसके लिए राजी नहीं हुए। उन्होंने नेटफिल्क्स के साथ 215 करोड़ रुपए की डील भी ठुकरा दी थी। उनका कहना था कि वह इसे थिएटर्स में ही उतारेंगे। इस फिल्म में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ लीड रोल में नजर आएंगी।



## वेलकम-4 में अनिल व नाना की वापसी

**मुंबई।** मजनू भाई और उदय शेट्टी के फैंस का चहकना तो बनता है। 'वेलकम टू द जंगल' में ये दो फेवरेट किरदारों के नहीं दिखने से निराश हैं, तो आपके लिए खुशखबरी है। मेकर्स 'वेलकम 4' की तैयारी में जुट गए हैं और इसमें नाना पाटेकर और अनिल कपूर की वापसी हो रही है। परेश रावल ने इसे कंफर्म किया है। अहमद खान के डायरेक्शन में बनी फ्रेंचाइज की तीसरी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' इसी साल 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, वहीं प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला ने चौथे पार्ट पर काम शुरू कर दिया है। खास बात ये है कि इस चौथे पार्ट में फ्रेंचाइज के दो सबसे पॉपुलर एक्टर अनिल कपूर और नाना पाटेकर की वापसी होगी। ये दोनों जहां 'वेलकम टू द जंगल' का हिस्सा नहीं हैं।

टीवी मसाला



## मनोज के दावे पर रवि का पलटवार कपिल के शो पर हुए सवाल-जवाब

**नई दिल्ली।** द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो का सीजन 4 इस समय ओटीटी पर दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। हर हफ्ते शो में नए गेस्ट आते हैं। इस पर शो की रौनत बढ़ाने आए मलाइका अरोड़ा, रवि किशन और ओरी नजर आए। मनोज तिवारी और रवि किशन को अक्सर उनके आपसी मजाक के लिए जाना जाता है। दोनों अक्सर एक-दूसरे की टांग खिंचाई किया करते हैं। लेटेस्ट एपिसोड में मनोज तिवारी और रवि किशन के लव हेट रिलेशनशिप में और घी डालने का काम करते हुए कपिल शर्मा ने रवि को एक वीडियो दिखाया। इस वीडियो में मनोज तिवारी दावा कर रहे थे कि रवि किशन को वो पॉलिटिक्स में लेकर आए। रवि किशन पहले तो चुपचाप वीडियो देखते रहे, फिर मजाक में बोले, 'ये वो लोग हैं जो गांवों में भजन गाया करते थे। भगवान की कृपा से मेरी पहली फिल्म 'सैयां हमार' थी। फिर ये लोग आए। ये मुश्किल से चल पाते थे, हर कदम पर लड़खड़ाते थे। इनको चलना हमने सिखाया, ब्लैक कॉफी पीना हमने सिखाया।' रवि किशन बोले, 'ये आदमी मनोज बाबू, मनोज तिवारी, ये सब मेरे जूनियर हैं। हम फिल्म 'कन्यादान' की शूटिंग कर रहे थे। मनोज, क्या तुमको याद है बनारस घाट पर मेरे साथ 'कन्यादान' की शूटिंग? सर्दी का मौसम था। तुमने पहली बार इतना बड़ा फिल्म कैमरा देखा था। तुमने 35mm कैमरे को देखकर कहा कि यह तो बहुत बड़ा कैमरा है। मैं वही आदमी हूं, जिसने तुमको मुंबई घुमाया, संसद में बोलना सिखाया। वरना आपके पैर कांपने लगते। मैंने ही आपके कांपते पैरों को सहारा दिया था। मैंने ही आपको शब्दों का सही इस्तेमाल करना सिखाया था। इतना सब होने के बाद भी आप मेरी पीठ पीछे ऐसी बातें करते हैं।' ये सुनते ही ऑडियंस से लेकर हर कोई ठहाके मारकर हंसने लगे। शो की शुरुआत कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर की कव्वाली से होती है। इसमें नवजोत सिंह सिद्धू और अर्चना पूरन सिंह जज के तौर पर नजर आते हैं।

### अनुराग के सुसाइड की कोशिश पर भड़के रजत



**नई दिल्ली।** बिग बॉस फेम यूके07 राइडर उर्फ अनुराग डोभाल सुर्खियां बटोर रहे हैं। पहले अनुराग ने एक वीडियो शेयर करते हुए अपने परिवार पर गंभीर आरोप लगाया था और बताया था कि उनकी पत्नी भी उन्हें छोड़कर चली गई है। इसके बाद बीती रात को इंस्टाग्राम लाइव पर अनुराग डोभाल ने सुसाइड करने की कोशिश की। उनकी गाड़ी डिवाइडर पर भिड़ गई। अनुराग अभी ठीक हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। हाल ही में अनुराग डोभाल के सपोर्ट में कई टीवी सेलेब्स आकर खड़े हो गए। वहीं, रजत दलाल ने यूट्यूबर के इस कदम की निंदा की है। रजत ने हिंट दिया है कि वह पिता बनने वाले हैं और उनका पहला बच्चा इस दुनिया में आने वाला है और वह इस तरह की हरकत कर रहे हैं। रजत दलाल ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर अनुराग डोभाल की हरकत की निंदा की। उन्होंने कहा, इतना कौन सा इंसान टूट जाता है कि अपनी जिंदगी खत्म करने चला जाता है?

## कार्तिक इच्छाधारी नाग बनकर बड़े पर्दे पर मचाएंगे धमाल...


**मुंबई।** तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के बाद कार्तिक नागजिला में नजर आने वाले हैं। फिल्म के सेट से पहली तस्वीर सामने आई है। पहले कहा जा रहा था कि 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' की असफलता के बाद कार्तिक का नागजिला से पत्ता साफ हो गया है, लेकिन यह सभी खबरें महज अफवाह साबित हुईं। कार्तिक आर्यन ने नागजिला के सेट से तस्वीर शेयर करते हुए यह साबित कर दिया है कि वह अपनी आगामी फिल्म के लिए जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं। एक्टर ने रविवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सेट से एक तस्वीर शेयर की है। नागजिला के शानदार की झलक दिखाते हुए कार्तिक आर्यन ने कैप्शन में लिखा, "नागजिला सेट तैयार। धमाल मचा दो टीम इंडिया।" इस तस्वीर से साफ है कि एक्टर नागजिला की तैयारियों में जुट गए हैं। कार्तिक आर्यन की फिल्म नागजिला का निर्माण करण जौहर कर रहे हैं, जबकि निर्देशन मृगदीप सिंह लांबा कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




अभी तक सिर्फ फिल्म का ग्राफिक वीडियो सामने आया है। फैंस एक्टर के इच्छाधारी नाग लुक की तस्वीर देखने के लिए बेताब हैं। फिल्म की कहानी नाग लोक के पहले कांड के इर्द-गिर्द घूमेगी। नागजिला के अलावा कार्तिक आर्यन एक और फिल्म में नजर आएंगे जो रोमांटिक थ्रिलर होगी। इस फिल्म में वह साउथ एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ नजर आएंगे जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इस फिल्म का टाइटल 'तू मेरी जिंदगी है' है। फिलहाल, अभी इसकी रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है। इसके अलावा वह कैप्टन इंडिया में भी दिखाई देंगे। यह फिल्म पहले डिब्बाबंद हो गई थी, लेकिन अब खबर है कि इस पर काम फिर से शुरू हो रहा है।

## अमिताभ ने बताया, उनके किस टोटके से इंडिया ने जीता टी-20 वर्ल्डकप का खिताब

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन मैच को लेकर अंधविश्वासी हैं। टी-20 वर्ल्डकप में भी उन्होंने एक त्याग किया था जिसे वह टोटका मानते हैं। यहां जानें क्या-क्या चीजें हैं जो मैच के दौरान उन्हें चिंता में डाल देती हैं। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर बॉलीवुड के कई सिलेब्स खुशी जता चुके हैं। इस बीच क्रिकेट के शौकीन अमिताभ बच्चन ने का ट्वीट वायरल है। इसमें उन्होंने बताया है कि उन्होंने जीत के लिए क्या कुर्बानी दी। टीम इंडिया ने 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में धूम मचा दी। भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से करारी शिकस्त दी। जीत के बाद शाहरुख खान से लेकर विकी कौशल तक ने सोशल मीडिया पर टीम इंडिया को बधाई दी। अब अमिताभ बच्चन का ट्वीट भी सुर्खियां बटोर रही है। उन्होंने मैच की कई तस्वीरों के साथ लिखा है कि ऐसा कैसे हो गया।



### मैच ना देखना देशसेवा

अमिताभ बच्चन क्रिकेट के तगड़े फैन हैं। सोशल मीडिया पर उनकी दीवानगी अक्सर जाहिर होती रहती है। वह बड़े शौक से क्रिकेट देखते हैं, लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में एक अंधविश्वास के चलते उन्होंने मैच नहीं देखा। अमिताभ बच्चन ने लिखा है, 'कहा था नहीं देखूंगा तो जीत जाएंगे, हो गया।' कई लोग अमिताभ के ट्वीट के मजे ले रहे हैं। एक ने लिखा है, सर अगर ऐसा है तो आपका मैच ना देखना भी देश सेवा ही हो गया। इंडिया के लिए ये बलिदान जारी रखिए। एक ने लिखा है कि अब अमिताभ बच्चन को हाइलाइट्स देख लेनी चाहिए।

### एक बार टूट चुका अंधविश्वास

अमिताभ बच्चन मैच देखने को लेकर इस टोटके को काफी पहले से फॉलो करते हैं। 2007 के बाद उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि मैच अगर तनावपूर्ण होता है तो वह लाइव नहीं देखते, उन्हें लगता है कि वह देखेंगे तो इंडिया मैच हार जाएगा। 2011 वर्ल्डकप में उन्होंने डर के बाद भी मैच देखा था। जीत के बाद अमिताभ बच्चन ने ट्वीट किया था, मैं मैच देखने को लेकर अंधविश्वासी हूं, क्योंकि मुझे लगता है हम हार जाएंगे... लेकिन पता नहीं क्यों आज टीवी के सामने बैठ गया और धोनी के छक्के तक देखता रहा।'

फैंस का मनोरंजन करने के लिए एक बार फिर से आ रहा है 'द सोसाइटी'

## इस वीक थिएटर्स से लेकर ओटीटी तक रिलीज होंगे ये नए थ्रिलर

*नई दिल्ली। इस सप्ताह 15 मार्च तक मनोरंजन जगत में नई-नई फिल्में और वेब सीरीज की बाढ़ आने वाली है। इस पूरे हफ्ते फैंस का एंटरटेनमेंट का महाडोज मिलने की पूरी गारंटी है। ऐसे में आइए जानते हैं कि वे कौन सी मोस्ट अवेटेड मूवीज, सीरीज और शोज हैं, जिन्हें थिएटर्स से लेकर अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म तक इस पूरे वीक रिलीज किया जाएगा।*

### द सोसाइटी 2

बिग बॉस विनर और रियलिटी शो होस्ट मुनव्वर फारूकी का शो द सोसाइटी एक बार फिर से फैंस का मनोरंजन करने के लिए आ रहा है। 9 मार्च से द सोसाइटी सीजन 2 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर ऑनलाइन स्ट्रीम हो गया है।

### वन पीस सीजन 2

लाइव एक्शन और फैंटेसी एडवेंचर वेब सीरीज वन पीस दो साल के इंतजार के बाद अपना सीजन 2 लेकर आ रही है। इस सीरीज का नया सीजन 10 मार्च यानी मंगलवार से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम होगा।

### संकल्प

अभिनेता नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान आयूब और संजय कपूर स्टारर थ्रिलर संकल्प भी इस वीक ओटीटी पर एंट्री मार रही है। इस लेटेस्ट वेब सीरीज को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एम एक्स प्लेयर पर 11 मार्च से रिलीज किया जाएगा। इस सीरीज का निर्देशन दिग्गज फिल्ममेकर प्रकाश झा ने किया है।




### भरथा महासयूलकु विग्न्यपति

साउथ सिनेमा के मशहूर अभिनेता रवि तेजा की तेलुगु कॉमेडी ड्रामा फिल्म भरथा महासयूलकु विग्न्यपति की ओटीटी रिलीज का ऐलान हाल ही में किया गया है। ये मूवी 13 मार्च फ्राइडे को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर आ जाएगी।

### मेड इन कोरिया

साउथ सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका अरुल मोहन की रोमांटिक ड्रामा मूवी मेड इन कोरिया भी इस हफ्ते रिलीज के लिए तैयार है। इस मूवी को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आप 12 मार्च से देख सकते हैं।

### किस्सा कोर्ट कचहरी का

इस वीक की एकमात्र थिएटर रिलीज फिल्म किस्सा कोर्ट कचहरी का है। निर्देशक रजनीश जायसवाल के डायरेक्शन में बनने वाली इस मल्टी स्टारर कोर्टरूम ड्रामा मूवी को 13 मार्च शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

### एस्पिरेंट्स सीजन 3

इस हफ्ते अगर किसी वेब सीरीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं तो वह एस्पिरेंट्स सीजन 3। पहले दो सीजन से ऑडियंस का दिल जीतने वाली एस्पिरेंट्स सीरीज का तीसरा सीजन 13 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देखने को मिल जाएगा।

### द ताज स्टोरी

अभिनेता परेश रावल की फिल्म द ताज स्टोरी को लेकर काफी विवाद देखने को मिला था। थिएटर्स के बाद अब उनकी ये फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार हो गई है। 13 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉयंस गेट प्ले पर आपका इसका आनंद ले सकते हैं।

### जूटोपिया 2

ऑस्कर विजेता एनिमेटेड कॉमेडी-एडवेंचर फिल्म जूटोपिया का सीक्वल देखने के लिए सिनेप्रेमी काफी बेताब हैं। 13 मार्च से आप इस मूवी का दूसरा भाग ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर एन्जॉय कर सकते हैं।

### अंधा प्यार 2.0

ए ब्लाइंड डेटिंग कॉमेडी रियलिटी शो अंधा प्यार का सीजन 2 भी इस हफ्ते मनोरंजन जगत की शोभा को बढ़ाता हुआ नजर आएगा। 14 मार्च शनिवार को इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सीटू ने किया एकजुटता का आह्वान

**राउरकेला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज श्रमिक संगठन सीटू अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, ओडिशा किसान सभा, जनवादी युवा फेडरेशन, एसएफआई तथा खेत मजदूर यूनियन की सुंदरगढ़ जिला कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय सेक्टर स्थित श्रमिक भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता जनवादी महिला समिति की सुंदरगढ़ जिला अध्यक्ष ताजमुन नेहार और सीटू के जिला उपाध्यक्ष श्रीमंत बेहरा ने की। कार्यक्रम में सीटू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्य महासचिव विष्णु महांति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि प्रख्यात चिंतक डॉ. नगेन दास मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में महिलाओं की सुरक्षा, स्वतंत्रता और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ एकजुट होकर व्यापक आंदोलन खड़ा करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के 79 वर्ष बाद भी समाज की आधी आबादी यानी महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल पाए हैं। यह स्थिति हमारी सामाजिक व्यवस्था के सामने एक गंभीर चुनौती है।

### स्कूटी सवार से चेन छीनकर फरार हुए लुटेरे

**राउरकेला।** उदित नगर थाना क्षेत्र के बासंती कॉलोनी के डीएल चौक के पास रविवार को दिन दहाड़े एक डरावना घटना घटी, जिसने आम लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। बासंती कॉलोनी निवासी शिशिर कुमार महाराणा और संतोशिनी महिराणा स्कूटी से जा रहे थे, तभी दो शातिर अपराधियों ने उनका पीछा किया। पुलिस के अनुसार, अपराधियों ने हेलमेट पहना हुआ था और पीछे से आते हुए पीड़ित की गले की सोने की चेन झपट ली। घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोग भी कुछ समझ पाते उससे पहले ही आरोपी वहां से फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद शिशिर कुमार और संतोषिनी महिराणा ने उदित नगर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### भारत की जीत पर राउरकेला में जश्न

**राउरकेला।** टी-20 विश्व कप में भारत की न्यूजीलैंड पर ऐतिहासिक और शानदार जीत के बाद पूरे देश के साथ-साथ राउरकेला शहर में भी खुशी की लहर दौड़ पड़ी। मैच खत्म होते ही शहर के विभिन्न इलाकों में लोगों ने सड़कों पर उतरकर जीत का जश्न मनाया। युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों ने पटाखे फोड़े, तिरंगा लहराया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। रविवार देर रात जैसे ही भारत की जीत पक्की हुई, शहर के मुख्य चौराहों, बाजारों और कॉलोनियों में लोगों की भीड़ जमा होने लगी। कई जगहों पर युवाओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ नाच.गाकर जश्न मनाया। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। शहर के मेन रोड में लाल बिल्डिंग व मंगल भवन चौक, डेली मार्केट, होटल कैलाश पुरी, सेक्टर.19, पानपोष, उदितनगर और बिसरा चौक जैसे प्रमुख इलाकों में युवाओं की टोली तिरंगा लेकर सड़कों पर निकल आई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सेवा का एक माध्यम ...

पहले मयाली से हुई, जहां कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ विजय आदित्य सिंह जूदेव का अभिनंदन किया। इसके बाद यही उत्साह और उमंग केराडीह और बिलासपुर में भी देखने को मिला। बिलासपुर पहुंचकर विजय आदित्य सिंह जूदेव ने अंडील स्थित सरना महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर जिले और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद यह रैली नारायणपुर पहुंची, जहां अटल चौक से गाजे-बाजे, आतिशबाजी और फूल-मालाओं के साथ उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया। नारायणपुर में विजय आदित्य सिंह जूदेव मुख्य मार्ग से पैदल मार्च करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। इस दौरान गांव के लोगों ने घर-घर से निकलकर उनका स्वागत किया और पूरा नारायणपुर जयकारों से गूंज उठा।

### नारायणपुर से जूदेव ...

के पश्चात विजय आदित्य सिंह जूदेव अघोरेश्वर भगवान राम की तपोभूमि जनसेवा अभेद आश्रम नारायणपुर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने पूजा-अर्चना की। उन्होंने आश्रम के संत बाबा उत्साही राम के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## कृषि क्रांति एक्सपो में किसानों को मिलेंगी नई तकनीकों की जानकारी

# जशपुर में आधुनिक खेती का महाकुंभ 23 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत कृषि यंत्रों और नवीन खेती पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा जिले में कृषि क्रांति एक्सपो 2.0 का आयोजन 23 मार्च से 25 मार्च 2026 तक किया जाएगा।

पूर्व में प्रस्तावित कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया था, जिसे अब नई तिथियों के साथ आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस कृषि एक्सपो में किसानों को कृषि के आधुनिक तरीकों, नई तकनीकों और उन्नत कृषि उपकरणों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञों के व्याख्यान, प्रशिक्षण सत्र, कृषि यंत्रों का प्रदर्शन तथा कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा विविध प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ते हुए उत्पादन और आय में वृद्धि के लिए प्रेरित करना है।

विभिन्न विभागों की लगेगी प्रदर्शनी - कृषि क्रांति एक्सपो में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, कृषि अभियांत्रिकी सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में उन्नत बीज, जैव उर्वरक, एकीकृत मृदा प्रबंधन, एकीकृत कीट प्रबंधन, ड्रोन तकनीक, मशरूम उत्पादन, सामुदायिक बीज बैंक, कृषि प्रसंस्करण तथा मूल्य संवर्धन से संबंधित जानकारी और लाइव डेमो प्रदर्शित किए जाएंगे।



**आवेदन प्रक्रिया जारी**

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक किसान अपने विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय, कृषि विस्तार अधिकारी अथवा निकटतम कृषि कार्यालय से संपर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं और निर्धारित जानकारी के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कृषि क्रांति एक्सपो 2.0 में भाग लेकर आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करें तथा प्रतियोगिताओं में आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठाएं।

किसानों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र - कार्यक्रम के दौरान किसानों के लिए विषयवार तकनीकी प्रशिक्षण भी आयोजित किए जाएंगे। इन प्रशिक्षणों में कृषि विशेषज्ञ एवं प्रगतिशील किसान आधुनिक खेती, उन्नत बीज उत्पादन, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, ड्रोन आधारित कृषि, उद्यानिकी तथा कृषि आधारित उद्यमिता जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे।

उत्कृष्ट किसानों का होगा सम्मान - कृषि क्रांति एक्सपो के दौरान किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। इनमें उत्कृष्ट डेयरी किसान, उत्कृष्ट मत्स्य पालक किसान, उत्कृष्ट बागवानी किसान, उत्कृष्ट बीज संरक्षक किसान, उन्नत बीज उत्पादक किसान तथा नवाचार करने वाले प्रगतिशील किसानों का चयन किया जाएगा। चयनित किसानों को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

# महिलाओं की भागीदारी से ही समाज का समग्र विकास संभव



**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था एवं बिहान समूह के तत्वावधान में ब्लॉक फरसाबहार की ग्राम पंचायत बनगांव, ख़ुटगांव और मेंढरबहार पंचायत में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, स्व सहायता समूह की सदस्य एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य वेदप्रकाश भगत रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल की संचालिका सिस्टर एनी, बीडीसी बॉबी यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष पंडरी पानी से मुक्तेश्वर साय, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पंडरी पानी चंपावती सिंह, भाजपामंडल उपाध्यक्ष नितेश कुमार यादव जी, एनआरएलएम बिहान की पीआरपी सम्मत डहरिया तथा पंचायत के सरपंच, सचिव, वार्ड पंच तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वेदप्रकाश भगत ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही समाज का समग्र विकास संभव है उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, स्वावलंबन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने भी महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए,साथ ही महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें इसका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही जिससे पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह और जागरूकता से भर गया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों को सप्रेम भेंट देकर सम्मानित किया गया एवं स्वल्पाहार देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# प्राचार्य डॉ.चंद्रशेखर ने किया पदभार ग्रहण

**बरमकेला।** बरमकेला स्थित शासकीय महाविद्यालय में नए प्राचार्य अनुभवी शिक्षाविद् डॉ. चंद्रशेखर पटेल ने 6 मार्च को महाविद्यालय के प्राचार्य पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। उनके पदभार ग्रहण करने के साथ ही महाविद्यालय परिवार, छात्र छात्राओं तथा क्षेत्र के बुद्धिजीवियों में नई उम्मीद और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।



डॉ. चंद्रशेखर पटेल लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं और उन्हें लगभग 14 वर्षों का महाविद्यालयीन शिक्षण एवं प्रशासनिक अनुभव प्राप्त है। वे इससे पूर्व महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने न केवल विषय के अध्ययन अध्यापन को मजबूत किया बल्कि विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण के लिए भी तैयार किया। उनके मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विषय के कई विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की प्राविण्य सूची में लगातार स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि वे विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास और बेहतर भविष्य के प्रति कितने समर्पित रहे हैं। बरमकेला जैसे अपेक्षाकृत छोटे और ग्रामीण अंचल में स्थित महाविद्यालय में सीमित संसाधनों के बावजूद डॉ. पटेल ने शिक्षा और शोध के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। उनके प्रयासों से महाविद्यालय में पांच राष्ट्रीय स्तर की शोध संगोष्ठियों का सफल आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महा विद्यालयों तथा शोध संस्थानों के विद्वानों और शोधार्थियों ने भाग लिया। इन संगोष्ठियों के माध्यम से न केवल अकादमिक वातावरण मजबूत हुआ बल्कि महाविद्यालय की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर भी बनी।

# कोल्हेनझरिया स्वास्थ्य केंद्र में वाहन स्टैंड बनने से मरीजों को हो रही सहूलियत

जशपुरनगर। कोल्हेनझरिया के स्वास्थ्य केंद्र का वाहन स्टैंड निर्माण अधूरा के संबंध में प्राप्त शिकायत पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर ने स्पष्टीकरण जारी किया है। उन्होंने बताया है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोल्हेनझरिया में वाहन स्टैंड का कार्य अब पूर्ण कर लिया गया है। इससे मरीजों व परिजनों को अपने वाहनों के सु व्यवस्थित पार्किंग में सहूलियत हो रही है।

सीएमएचओ ने बताया कि स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में वाहन स्टैंड का निर्माण पूर्व में अधूरा था। बाद में जीवनदीप समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर शेष निर्माण कार्य जीवनदीप मद से पूरा कराया गया है। सीएमएचओ ने बताया कि वाहन स्टैण्ड के पूर्ण होने से अब स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजों, उनके परिजनों तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़ा करने की सुविधा मिल रही है।



इससे अस्पताल परिसर में आवागमन सुगम हुआ है तथा मरीजों को उपचार के लिए आने-जाने में भी सुविधा मिल रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्पष्ट किया कि वाहन स्टैंड का नियमित रूप से उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### मांदरटंगना टोला पारा में आवागमन सुगम

**जशपुरनगर।** बगीचा विकासखंड के ग्राम पंचायत बच्छरांव के अंतर्गत मांदरटंगना टोला पारा मुख्य बस्ती से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस मार्ग का अधिकांश हिस्सा वनभूमि क्षेत्र में आता है। ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंचायत द्वारा इस मार्ग में मुरमीकरण कार्य कराया जा चुका है, जिससे वर्तमान में आवागमन सुगम है और ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। जनपद पंचायत बगीचा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मांदरटंगना बस्ती में कुल 3 हैंडपंप उपलब्ध हैं। इनमें से एक हैंडपम्प में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बोर कराकर पानी की टंकी से कनेक्शन दिया गया है। बोर डालने के कारण जल स्तर नीचे चला गया है। इस स्थिति को देखते हुए पीएचई विभाग द्वारा पास में एक नया बोर खनन कराया गया है, जिसका कनेक्शन किया जाना शेष है। कनेक्शन पूर्ण हो जाने के बाद से इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

# आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रही शशिकला

## एक सफल व्यवसाई के रूप में उभरी दूसरी महिलाओं के लिए बनी प्रेरणा



शशिकला को कई योजनाओं का मिला लाभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह जिला जशपुर में स्व सहायता समूह की महिलाएं स्वावलंबी बनकर दूसरी महिलाओं के लिए भी बनी प्रेरणा। जिले के कांसाबेल विकासखंड के ग्राम केनादाड़ की श्रीमती शशिकला खलखो बिहान योजना के माध्यम से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनी हैं। एक सामान्य गृहिणी और खेती-किसानी करने वाली शशिकला ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है, बल्कि अब वे एक सफल होटल व्यवसायी के रूप में भी उभरी हैं। श्रीमती शशिकला खलखो वर्ष 2008 से जीवन ज्योति स्व सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं। इस 11 सदस्यीय समूह ने पहले सामूहिक रूप से खेती-किसानी के कार्यों में सहभागिता की। शशिकला बताती हैं कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उनके जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव आए, जिससे उन्हें बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ खुद आत्मनिर्भर होने में भी मदद मिली। हाल ही में, श्रीमती खलखो ने अपनी उद्यमशीलता को विस्तार देते हुए एक होटल का संचालन शुरू किया है। इस हेतु उन्होंने मुद्रा योजना के तहत ऋण और सीआईएफ मद से 60 हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त की।

वह बताती हैं कि यह नई शुरुआत है और उन्हें इस माह अच्छी आमदनी प्राप्त हुई है। श्रीमती खलखो ने पूर्व में खाद्य विभाग की पीडीएस दुकान का संचालन भी किया है। उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास, महतारी वंदन योजना के तहत मासिक 1000 रुपये और उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर का भी लाभ मिला है। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए श्रीमती शशिकला खलखो ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।

### शराब के नशे में स्कूल आने वाला प्रधान पाठक निलंबित

**जशपुरनगर।** जिले में सरकारी स्कूलों की व्यवस्था को शर्मसार करने वाला एक और मामला सामने आया है। पत्थलगांव विकासखंड के ढोढ़ापानी स्थित शासकीय स्कूल में पदस्थ प्रधान पाठक सुनील कुमार कुजूर लंबे समय से शराब के नशे में स्कूल पहुंचकर हंगामा करता था। हालात इतने खराब हो गए थे कि वह कथित तौर पर स्कूली बच्चों से ही शराब मंगवाकर उसका सेवन करता था। लगातार शिकायतों के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने आखिरकार उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, प्रधान पाठक की हरकतों से स्कूल का माहौल लगातार बिगड़ रहा था। ग्रामीणों और अभिभावकों ने कई बार शिकायत की, कि वह अक्सर शराब के नशे में स्कूल पहुंचता है और कई-कई दिनों तक अनुपस्थित भी रहता है। इससे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही थी और अभिभावकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी वेदानंद आर्या ने स्कूल का औचक निरीक्षण कराया।

# नवीन जिंदल ने किया ओपी जिंदल स्कूल कुंजेमुरा के नए स्कूल भवन का लोकार्पण

**रायगढ़।** नवीन जिंदल ने ओपी जिंदल स्कूल कुंजेमुरा कें नए स्कूल भवन का लोकार्पण किया। ओपी जिंदल स्कूल कुंजेमुरा क्षेत्र के विकास और शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में मील का पत्थर साबित होगा। यह ईंट, पत्थर से बनी केवल एक इमारत नहीं बल्कि हमारे बच्चों के सपनों की नई उड़ान और उनके उज्जवल भविष्य की मजबूत नींव हैं। जन्म दिन के मौके पर आप लोगों के बीच खुद को पाकर ऐसा महसूस हो रहा है, जैसे अपने परिवार के बीच हूं।

यह बातें सोमवार को ओपी जिंदल सुपर थर्मल पावर प्लांट के चेयरमैन और कुरूक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने ओपी जिंदल स्कूल कुंजेमुरा के नए भवन के लोकार्पण के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि खुशहाल समाज के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है। श्री जिंदल ने कहा कि जब हमारे गांवों और आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलती है तभी असली बदलाव आता है। देश की उन्नति तभी सही है जब उसका लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि हर बच्चे को क्वालिटी एजुकेशन के माध्यम से इतना सक्षम बनाना है कि वे राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। श्री जिंदल ने कहा कि उद्योगों की असली सफलता तभी है जब उसके आसपास का समाज भी सफल हो।



**सपनों का घर और पालकों के भरोसे का प्रतीकः चेयरपर्सन-** स्कूल के नए भवन का लोकार्पण जिंदल फाउंडेशन की चेयर पर्सन श्रीमती शालू जिंदल ने किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन दो वजहों से खास है एक तरफ शिक्षा के मंदिर का लोकार्पण हो रहा है तो दूसरी ओर नवीन जिदंल का जन्म दिन है। उन्होंने कहा कि ओपी जिंदल स्कूल का यह नया भवन एक इमारत ही नहीं बल्कि हजारों बच्चों के सपनों का घर नजर आता है।

# यूपीएससी में सफलता के बाद पहली बार गृह नगर लौटे रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में शानदार सफलता का परचम लहराने के बाद, रौनक अग्रवाल का 8 मार्च को अपने गृहनगर खरसिया पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया। ढोल-ताशों की गूँज और भारत माता की जय के नारों के बीच पूरा शहर अपने इस होनहार सपूत के अभिनंदन के लिए उमड़ पड़ा।

दोपहर को जैसे ही साउथ बिहार एक्सप्रेस खरसिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर रुकी, वहाँ पहले से मौजूद सैकड़ों नगरवासियों ने रौनक अग्रवाल का जोरदार स्वागत किया।



रौनक के साथ उनके पिता तरुण अग्रवाल और माता ललिता अग्रवाल भी वापस लौटे। ट्रेन से उतरते ही रौनक को फूल-मालाओं से लाद दिया गया और आतिशबाजी के साथ उनकी सफलता का जश्न मनाया गया।

**ढोल-ताशों और आतिशबाजी से स्वागत**

स्टेशन परिसर से बाहर निकलते ही माहौल उत्सव में बदल गया। स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने ढोल-ताशों की थाप पर रौनक का स्वागत किया। बाद में हमालपारा के शीतला माता मंदिर में रौनक अग्रवाल ने पूजा अर्चना करी। इस दौरान सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। नगरवासियों का कहना है कि रौनक ने अपनी कड़ी मेहनत से खरसिया का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर रौनक के पिता तरुण अग्रवाल और माता ललिता अग्रवाल का भी नागरिकों ने आदर सत्कार किया, जिनकी प्रेरणा से रौनक ने यह मुकाम हासिल किया।

# अभा अघरिया समाज का हिमगिर में हुआ 29 वां वार्षिक सम्मेलन

**तमनार।** अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र हिमगिर अंचल तमनार का 29 वां वार्षिक सम्मेलन 2026 बाल सभा नवाड़ीही में 8 मार्च को राष्ट्रीय महासचिव बिहारी लाल पटेल के मुख्य आतिथ्य क्षेत्रीय अध्यक्ष रामलाल पटेल के अध्यक्षता एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों सहित 6 चौधरी, 18 नायक 60 पटेल गोत्र के सैकड़ो युवा महिला व सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति मे हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम इष्टदेव श्रीकृष्ण भगवान की पूजा अर्चना कन्हैया जय अघरिया जयघोष के साथ अतिथियों एवं केंद्रीय, क्षेत्रीय पदाधिकारीगणों का पुष्पहार गमछा से भव्य स्वागत पश्चात स्वागत किया गया। कोषाध्यक्ष पूर्ण चन्द्र नायक द्वारा सारगर्भित वार्षिक आय व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि बिहारी लाल पटेल ने कहा कि समाजिक बन्धुओ संरक्षक सदस्यता बढाते, सामाजिक गतिविधियों में युवा महिलाओं की सहभागिता अवश्य कराएं। अघरिया समाज की रीति नीति, खान पान, संस्कृति सभ्यता विशेष पहचान है। युवक युवतियों की विवाह, सामाजिक संगठन की एकता सुदृठता उत्थान एवं नियमावली का परिपालन करने आव्हान किए। क्षेत्रीय अध्यक्ष रामलाल पटेल ने महिलाओं की उपस्थिति पर महिला दिवस की बधाई देते कहा कि हर परिवार से युवा महिलाएं वरिष्ठ संरक्षक सदस्यता ग्रहण करें। सामाजिक सुदृढ़ता एकता सामाजिक विकास में योगदान देवें। सामाजिक भवन में ट्यूब वेल, नल कनेक्शन एवं बाउन्ड्रीवाल शासन के सहयोग से करने बात कही गई। उन्होंने अभिभाबको को अपने युवक युवतियों के विवाह की यथा योग्य उम्र में विवाह करने आग्रह किया गया।



